Bal Bharati PUBLIC SCHOOL
Sector -21, Noida

ओढ़ा दो जिंदगी - एक सेवा अभियान

(Under the Aegis Of Interact Club)

मिला है अवसर हमें अब, पर सेवा और जन उत्थान का
चलें सदा इस कर्तव्य पथ पर, लें संकल्प लोक कल्याण का

सी.बी.एस.ई द्वारा संचालित सर्वोत्तम दस स्कूलों की श्रेणी में शामिल बाल भारती पब्लिक स्कूल, नौएडा, के इंटरेक्ट क्लब के छात्र 28 दिसंबर 2023 को भारत के एक गैर सरकारी संगठन गूँज (NGO) जो ज़रूरतमंद ग्रामीण लोगों के कल्याण के कार्यों में संलग्न है, का भ्रमण करने गए । मन में पर सेवा का भाव लिए हमारे छात्र-छात्राओं ने बाल भारती पब्लिक स्कूल, नौएडा व शाखा बृज विहार की ओर से गूँज संस्था में वस्त्र, बर्तन एवं अन्य आवश्यकता की वस्तुएँ वितरित की । साथ ही उन्होंने गूँज संस्था के कार्यकर्ता के द्वारा वहाँ की कार्यप्रणाली को भी जाना । छात्रों के मन में यह जिज्ञासा थी कि उनके द्वारा वितरित सामान ज़रूरतमंदों को किस प्रकार उपलब्ध कराए जाते होंगे ! उनकी इस जिज्ञासा का समाधान तब हुआ जब उन्होंने वहाँ देखा कि पुराने वस्त्रों को तीन स्तर पर (एकदम सही, थोड़े फटे-पुराने और पूर्णत: फटे) छाँटा जाता है फिर फटे-पुराने वस्त्रों को ठीक करके आवश्यकतानुसार उनका वितरण किया जाता है । छात्रों ने वहाँ पर कार्यरत लोगों के जीवन से समाज सेवा व मानव कल्याण के महत्त्व को जाना व स्वयं इस लोकसेवा में संलग्न रहने व उद्यमिता के क्षेत्र में कदम बढ़ाने हेतु प्रेरणा प्राप्त की । इसके अतिरिक्त छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरुकता विकसित हुई जब उन्होंने देखा कि वहाँ (3Rs) पुन:चक्रण, पुन:उपयोग व पुनर्प्राप्ति की प्रणाली का पालन करते हुए पुरानी व अनुपयोगी वस्तुओं का सदुपयोग किया जा रहा है । वास्तव में विद्यालय के इस प्रयास से गूँज संस्था व हमारे विद्यालय के छात्रों को एक विशिष्ट सकारात्मक अनुभव की प्राप्ति हुई ।

गूँज निर्लाभ संगठन का भ्रमण

वस्तु वितरण का रोचक विवरण

अनुपयोगी वस्तुओं का सर्वोत्तम उपयोग

'डिग्निटी फॉर वर्क'- एक उत्तम पहल

श्वेता गुप्ता द्वारा प्रस्तावित रिपोर्ट